हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

संस्थान परिसर में हिन्दी पखवाड़ा दिनांक 02 से 25 सितम्बर 2024 के मध्य बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ 2 सितम्बर को किया गया। संस्थान के राजभाषा विभाग के इस आयोजन में हिन्दी भाषा के ज्ञान के संवर्धन व व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जैसे 'प्रशस्ति पत्र अभिकल्पन, निबंध लेखन, स्वरचित कविता पाठ, गजल एवं भजन, हिंदाक्षरी चित्रांकन एवं गीत जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में संस्थान लगभग 150 संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की। जिनमें से 41 प्रतिभागियों को पुरूस्कार प्रदान किये गये। हिंदी पखवाड़े के समापन में निदेशक महोदय प्रो. डा. कौलासा राव एम एवं संकायाध्यक्ष (अनुसंधान) प्रो. अजय खरे द्वारा किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोज श्रीवास्तव जी, सेवा निवृत्त (IAS), अध्यक्ष परिसीमन आयोग मध्य प्रदेश को आमंत्रित किया गया था। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि, निदेशक महोदय एवं संकायाध्यक्ष (अनुसंधान) ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान किये।